हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 14 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 25.7 डिग्री
न्यूनतम 6.8 डिग्री

9 समाज में जागरूकता से खत्म होंगे बाल विवाह



10 कैंसर से बचने के लिए जीवन शैली में सुधार करना जरूरी



## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर सुबह 9 बजे रक्तदान शिविर
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक
- समाधान शिविर में अधिकारी सुनेंगे समस्याएं

# बार एसो. चुनाव में घमासान बढ़ा चुनाव अधिकारी को मिली सुरक्षा

■ 1319 वोटर का नाम कटने का एक गुट कर रहा विरोध ■ मतदान 28 फरवरी को

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिला बार एसोसिएशन चुनाव में वोटर लिस्ट से एक हजार से ज्यादा अधिवक्ताओं के नाम काटने को लेकर घमासान बढ़ता जा रहा है।

■ प्रधान पद के लिए अरविंद श्योराण और दीपक हुड्डा के बीच मुकाबला
■ 3536 अधिवक्ताओं की बनी थी पहली वोटर लिस्ट

तनाव को देखते हुए प्रशासन बार चुनाव पर नजर बनाए हुए है। चुनाव अधिकारी प्रदीप मलिक को सुरक्षाकर्मी मुहैया करवाया गया है। इसके साथ ही चुनाव अधिकारी ने नामांकन लिस्ट फाइनल कर दी है। एडवोकेट अरविंद श्योराण और दीपक हुड्डा में प्रधान पद के लिए मुकाबला होगा। वहीं वोटर लिस्ट से नाम कटने का विरोध जताते हुए हाउस की मीटिंग भी बुलाई गई। एसोसिएशन में चुनाव 28 फरवरी को होने हैं।

### 14 सदस्यीय कमेटी बनाई

प्रधान पद के उम्मीदवार अरविंद श्योराण ने बताया कि चुनाव कमेटी ने 3536 की वोटर लिस्ट में से करीब 1319 के नाम काट दिए गए थे। इसकी वजह से मंगलवार को हाउस की मीटिंग बुलाई गई। जहां अरविंद श्योराण और पूर्व प्रधान ने वोटर लिस्ट से नाम कटने पर विरोध जताया और अनशन की चेतावनी दी। इस दौरान सर्वसम्मति से एडवोकेट रणधीर सुहाग को मीटिंग के लिए प्रधान घोषित करते हुए दोबारा हाउस की बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया था। एडवोकेट रणधीर सुहाग ने बताया कि बृहस्पतिवार को हाउस की मीटिंग उनकी अध्यक्षता में की गई। जिसमें बार एसोसिएसन के वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल हुए। इस दौरान निर्णय लिया गया कि वोटर लिस्ट से बहुत अधिक वोटरों के नाम काटे गए हैं। इसलिए इस मामले की जांच होनी चाहिए। हाउस में 14 सदस्य कमेटी बनाई गई जो जांच पड़ताल कर हाउस में रिपोर्ट करेगी। इसके बाद निर्णय लिया जाएगा।





रोहतक। बार एसो. की बैठक को संबोधित करते पूर्व प्रधान लोकेंद्र फौगाट व बैठक में मौजूद अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

### ये उम्मीदवार मैदान में

प्रधान पद के लिए पूर्व प्रधान अरविंद श्योराण और दीपक हुड्डा ने नामांकन दाखिल किया है। महासचिव पद के लिए हर्षवर्धन मलिक, कर्ण नारंग, राजकर्ण पंघाल में मुकाबला है। संयुक्त सचिव के लिए साक्षी लांबा, डिंपल ने नामांकन किया है। जबकि उप प्रधान पद के लिए सुशीला देशवाल, संदीप खत्री और अभीजीत चौधरी ने नामांकन भरे हुए हैं। लाइब्रेरी इंचार्ज के लिए अनिल कुमार, मंजीत सिंह और अशोक कुमार के नामांकन आए हैं। न किसी उम्मीदवार ने नामांकन वापिस लिया और न ही इसमें किसी प्रकार की गलती पाई गई। नामांकन फाइनल किए जा चुके हैं।

### वोटर लिस्ट में नाम जोड़े जा रहे

कुल 3536 अधिवक्ताओं की वोटर लिस्ट थी। जिन्होंने फीस जमा करवाई थी। जो वोटर आवेदन कर रहे हैं, उनकी जांच के बाद नाम जोड़ दिए जाएंगे। नाम जोड़ने की प्रक्रिया मतदान से पहले तक जारी रहेगी। वहीं नामांकन फाइनल हो गए हैं। न किसी प्रत्याशी ने नाम वापिस लिया है और न ही किसी नामांकन में कमी पाई गई है। 28 फरवरी को चुनाव करवाया जाएगा। उनका किसी से कोई विवाद नहीं है। उनका कार्य चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने का है। चुनाव करवाने की पूरी तैयारी चल रही है। निष्पक्षता से चुनाव करवाना हमारी प्राथमिकता है।

-प्रदीप मलिक, चुनाव अधिकारी

## खबर संक्षेप

### मदवि : शैक्षणिक परिषद सदस्य मनोनीत किए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने एमडीयू एक्ट के स्टैच्युट 13 के प्रावधानों के तहत इमसॉर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जगदीप सिंगला, एनवायरमेंट साइंसेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी, शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. वनिता रोज तथा राजकीय महाविद्यालय, पलवल की प्राचार्या डॉ. अर्चना वर्मा को शैक्षणिक परिषद का सदस्य मनोनीत किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत ने बताया कि इनकी नियुक्ति तुरंत प्रभाव से दो वर्ष तथा डा. अर्चना वर्मा की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से 31 अगस्त 2026 तक की गई है।

### वाहन ने बाइक सवार युवक को कुचला

**रोहतक।** सोनीपत रोड पर एक बाइक सवार युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना आस-पास के लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान युवक की पहचान गांव बिघलान निवासी खुशीरात के रुप में हुई। बताया जा रहा है कि खुशीराम रोहतक से आपने गांव की तरफ बाइक से जा रहा था। अचानक किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी।

### युवती की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवती की हत्या की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। सांपला थाना प्रभारी बिजेंद्र ने बताया कि हाल दहकौरा रोड सांपला निवासी राहुल की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि 9 फरवरी को राहुल की साइड के कमरे में रह रहे मिंटु के साथ गाने बजाने को लेकर लड़ाई झगड़ा हो गया। मिंटू ने राहुल को फटे से मारा तो युवती ने राहुल का बचाव किया। मिंटू ने युवती को भी फटे से मारा। सुबह के समय युवती मृत मिली। जांच के दौरान 12 फरवरी को आरोपी मिंटू पुलिस ने पटना से गिरफ्तार किया।

# 1.16 लाख की साइबर ठगी का आरोपी जीरकपुर से गिरफ्तार



रोहतक। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

■ पुलिस ने अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस ने 1.16 लाख रुपये की साइबर ठगी के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया गया। उप पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह ने बताया कि कैलाश कॉलोनी निवासी हेमलता की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 30 जुलाई 2024 को हेमलता के पास एएससी नाम से लिंक आया। हेमलता को लालच व दबाब देकर अलग-अलग ट्रांजेक्शन से कुल 1.16 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जांच प्रभारी थाना पीएसआई अंकिता के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अमल में लाई गई। जांच के दौरान 12 फरवरी को आरोपी अनिल निवासी जीरकपुर, पंजाब को गिरफ़्तार किया गया है।

## निंदाना तिगरी से लाखों की नकदी चोरी

**महम।** महम थाना क्षेत्र के गांव निंदाना तिगरी में चोरों ने रात को एक मकान से एक लाख रुपए से अधिक की नकदी और हजारों रुपए का घरेलू सामान चोरी कर लिया। इस संबंध में फौजी ने इसकी शिकायत महम पुलिस को दी है। पुलिस को दी शिकायत में निंदाना तिगरी गांव निवासी सुनील पुत्र राजा राम ने बताया कि वह भारतीय सेना में कार्यरत है। सेना से एक महीने की छुट्टी लेकर वह 22 जनवरी को घर पहुंचा था। 9 जनवरी को वह अपने परिवार समेत रिश्तेदार के यहां खिडवाली गांव गया था। वह अपने घर पर अच्छी तरह से ताला लगाकर गया था। दो दिन बाद शाम को वह वापस घर लौटा तो देखा कि उसके घर का एक कमरे का ताला टूटा हुआ है। अंदर जांच करने पर पाया कि कोई ना पता ना मालूम व्यक्ति उसके घर के कमरे का ताला तोड़कर एक लाख रुपए व 5100 रुपए की नोटों की माला चोरी कर ले गए। चोरों ने घर में रखे करीब 60 सूट, डबल बैड के कंबल, तीन जींस, टी शर्ट 7 जोड़ी व अन्य सामान चोरी हो गया।

## युवक से 50 हजार की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम



■ साइबर ठग ने मौसी की लड़की का पति बताकर लगा दी चपत

लाखन माजरा गांव के एक युवक के साथ 50 हजार का ऑनलाइन ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। लाखन माजरा थाने में दी शिकायत में लाखन माजरा गांव निवासी सोनू पुत्र रणबीर ने बताया कि उसकी बहन के पास एक अनजान मोबाइल नंबर से फोन आया और उसने बताया कि वह उसकी मौसी की लड़की का पति बोल रहा है। बताया कि उसकी आवाज ज्यों की त्यों उसके जीजा जैसी ही थी।

उसने उसकी बहन से कहा कि उसकी 25 हजार रुपए पेमेंट कहीं से आनी है। मेरा फोन पे नहीं चल रहा। वह आपके फोन पे पर यह पेमेंट डलवा देता है। फिर उसकी बहन ने सामने वाले से कहा कि वह फोन पे नहीं चलाती है। उसका भाई सोनू फोन पे प्रयोग करता है। शिकायतकर्ता सोनू ने बताया कि उसके बाद उसकी बहन ने उस व्यक्ति का नंबर मेरे पास भेज दिया। धोखाधड़ी से उस व्यक्ति ने उससे दो बार 25-25 हजार रुपए अपने एकाउंट में डलवा लिए।

बाद में पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी हो गई है। उक्त व्यक्ति ने उसके साथ 50 हजार रुपए की ऑन लाइन ठगी कर ली है। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है

## कोमल ने बॉक्सिंग में जीता सोना



रोहतक। तीसरी नेशनल आर्मी बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन लखनऊ में किया गया। इस प्रतिस्पर्धा में श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय की बीए अंतिम वर्ष की छात्रा कोमल ने 40 से 45 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने छात्रा को बधाई दी और कहा कि हमे समय-समय पर अपनी क्षमताओं का मूल्यांकन करते रहना चाहिए। डॉ. रश्मि छाबड़ा कोऑर्डिनेटर (आईक्यूएसी) व मौसम (असिस्टेंट प्रोफेसर खेल एवं शारीरिक शिक्षा विभाग) ने छात्रा को बधाई। फोटो : हरिभूमि

# ग्रीन बेल्ट से सात दिन में अवैध निर्माण न हटाने वाले नपेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

■ उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने जारी किए आदेश

जिला प्रशासन द्वारा जिला के नागरिकों, भू-मालिकों व अवैध निर्माण करने वालों को हरित पट्टी से एक सप्ताह के भीतर स्वयं अनाधिकृत निर्माण हटाने के लिए चेतावनी जारी की गई है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के निर्देशानुसार जारी आदेशों में जिला की हरित पट्टी (ग्रीन बेल्ट) क्षेत्रों विशेषकर रोहतक-सांपला राष्ट्रीय राजमार्ग, पानीपत-रोहतक-मायना आउटर बाईपास और सेक्टर 7/37 विभाजक सड़कों के आस-पास अवैध रूप से निर्मित मकानों और संरचनाओं को एक सप्ताह के भीतर खाली करने और हटाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला नगर योजनाकार कार्यालय द्वारा इस संदर्भ में आवश्यक नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने जिला के नागरिकों का आह्वान किया है कि वे हरित पट्टी और अन्य संरक्षित क्षेत्रों में अवैध निर्माण से बचें। जिला प्रशासन द्वारा नियमित अंतराल पर ऐसे निर्माणों को गिराने का अभियान चलाया जाएगा और किसी भी प्रकार की अनियमितता को बख्शा नहीं किया जाएगा। इसके लिए अवैध निर्माण करने वाले लोग स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### यहां संपर्क करें

इस संदर्भ में उपायुक्त कार्यालय व ईमेल **dcroh@hry.nic.in** पर संपर्क किया जा सकता है। नागरिक अपनी पूंजी को अवैध निर्माण या कालोनियों में निवेश करने से पहले जिला नगर योजनाकार के कार्यालय से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करके सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त करें।

# सीएम फ्लाइंग ने महम नपा में की छापेमारी हाजिरी जांची, कब्जे में लिया सफाई रिकॉर्ड

रेड में कूड़ा निस्तारण की नहीं मिली सही सुविधा, डंपिंग स्टेशन ढूढ़ते रह गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

कस्बा महम में सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने की शिकायतों के चलते वीरवार को सीएम फ्लाइंग ने नगर पालिका कार्यालय में छापा मारा। इस दौरान सीएम फ्लाइंग ने नगर पालिका के सफाई संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका द्वारा की जा रही सफाई व्यवस्था में कई तरह की खामियां मिली हैं। गीला व सूखा कूड़ा निस्तारण के लिए सीएम फ्लाइंग डंपिंग स्टेशन देखने के लिए गई तो डंपिंग प्वाइंट ही नहीं मिले और न ही शहर में कूड़ा रखने के प्वाइंट पाए गए। कूड़ा निपटान प्रक्रिया में कई खामियां मिलने से नगर पालिका के लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों पर गाज गिरना तय है।

### शिकायत पर एक्शन

सीएम फ्लाइंग द्वारा की गई जांच में जिस तरह से कमियां पाई गई हैं, उससे बड़े स्तर पर गोलमाल की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। डोर टू डोर ठेकेदार की शिकायतें सोशल मीडिया पर डालने के बाद सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों ने ठेकेदार की कार्य प्रणाली का औचक निरिक्षण किया और उसकी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों के पास भेज दी है।



महम। दस्तावेजों की जांच करते सीएम फ्लाइंग टीम के अधिकारी।

### डोर टू डोर कचरा उठाने पर लापरवाही का आरोप

इस निरीक्षण के दौरान जहां सीएम फ्लाइंग अधिकारियों ने नगर पालिका कार्यालय में पहुंचकर डोर टू डोर ठेकेदार का रिकॉर्ड जब्त किया वहीं कर्मचारियों की हाजिरी भी चेक की। मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम में सीएम फ्लाइंग से रामनिवास एसआई और रोहतक से सीआईडी इंस्पेक्टर दिनेश ढाका व स्थानीय सीआईडी कर्मी अनिल कुमार शामिल थे। पिछले कई महीने से नगर पालिका के डोर टू डोर ठेकेदार द्वारा शहर से कचरा उठाने में लापरवाही बरती जाने पर शहर वासियों में ठेकेदार के प्रति भारी रोष पाया जा रहा था। जिसको लेकर शहर वासी अधिकारियों को शिकायत कर रहे थे।

### धर्मकांटे पर पहुंचकर दो दिन का रिकॉर्ड मांगा

शहर के लोगों ने नगर पालिका अधिकारियों पर कड़े आरोप भी लगाए थे और ठेकेदार की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाने की मांग की थी। बार बार उच्च अधिकारियों के पास पहुंच रही शिकायतों के बाद सीएम फ्लाइंग की एक टीम नगर पालिका कार्यालय में डोर टू डोर ठेकेदार के कार्यों की जांच करने के लिए पहुंची। इस दौरान टीम ने सर्वप्रथम नगर पालिका कार्यालय से ठेकेदार के टेंडर को लेकर रिकॉर्ड तलब किया। रिकॉर्ड मिलने के बाद फ्लाइंग के अधिकारी कर्मचारियों की हाजिरी वह गाड़ियों की संख्या चेक करने के लिए पहुंचे कर्मचारियों की जांच की। सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों ने धर्म कांटे पर पहुंचकर पिछले दो दिन का रिकॉर्ड भी अपने कब्जे में लिया और कुछ डंपिंग सेंटरों की भी जांच की। इस बारे में जब सीएम फ्लाइंग के अधिकारी रामनिवास से बात की गई तो उन्होंने बताया की डोर टू डोर ठेकेदार के कार्य का रूटीन निरीक्षण किया गया था। टेंडर का रिकॉर्ड कब्जे में लेकर पूरे मामले की गहराई से जांच की जाएगी।

# न्यू विजय नगर में कारपेंटर ने घर में फंदा लगाया, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

■ यूपी का रहने वाला मोजूद्दीन मोहम्मद सुनारियां चौक के एक ठेकेदार के पास काम करता था

न्यू विजय नगर में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना आस-पास के लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है और न ही मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट मिला है। पुलिस आसपास रहने वालों से ही पूछताछ कर रही है। जांच के दौरान मृतक की पहचान करीब 20 वर्षीय मोजूद्दीन मोहम्मद निवासी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरपुर के रूप में हुई। मृतक न्यू विजय नगर में किराये के मकान पर अकेला रहता था। सुनारियां चौक स्थित एक ठेकेदार के पास कारपेंटर का काम करता है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे पड़ोसियों ने डायल 112 पर काल कर सूचना दी कि एक युवक ने कमरा बंद कर फंदा लगा लिया है। इसके बाद मौके पर पहुंचे के बाद पता चला कि युवक ने कमरे को अंदर से कुंडी लगा रखी थी। फिर पड़ोसियों व पुलिस की सहायता से दरवाजा तोड़कर अंदर गए तो देखा कि युवक ने पंखे पर रस्सी डालकर फंदा लगा रखा था। मृतक को नीचे उतारा गया। पुलिस ने शव को पीजीआई के शव गृह में भिजवा दिया गया है और स्वजनों को सूचित किया गया है। अब शुक्रवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा और स्वजनों के बयान के आधार पर ही कार्रवाई की जाएगी।

### घर में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला

युवक के फंदा लगाने की सूचना मिली थी। युवक के पास से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की जांच की जा रही है। शव को पीजीआई के शव गृह में रखवा दिया है। परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-कुलदीप सिंह
एएसआई शिवाजी कॉलोनी थाना

## खबर संक्षेप



रोहतक। हवन यज्ञ आहुति डालते यूआईईटी निदेशक प्रो. युद्धवीर सिंह ।

### मदिव में यज्ञ के दौरान डाली आहुति

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सीएसई ब्लॉक में वीरवार को चौ. मातु राम यज्ञशाला समिति द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के पुरोहित परविंदर ने आध्यात्मिक उन्नति में यज्ञ की महत्ता को रेखांकित किया। यज्ञशाला समिति के अध्यक्ष आर्य आकाश हुड्डा ने कार्यक्रम संचालन में सहयोग दिया। यूआईईटी निदेशक प्रो. युद्धवीर सिंह ने बतौर यजमान इस कार्यक्रम में शिरकत की और यज्ञ को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से नैतिक मूल्य का पालन करने और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

### किशोरावस्था में बच्चों का उचित मार्गदर्शन जरूरी

**रोहतक।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी रोड में किशोरावस्था शैक्षिक प्रोग्राम के तहत सभी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के जीव विज्ञान एवं विभिन्न विषयों के प्राध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर की भूमिका नरेश कुमार व निशा रानी ने निभाई। नरेश कुमार ने कहा कि आज के समय में लड़के एवं लड़कियों में किशोरावस्था के दौरान जिन परिवर्तनों से गुजरना पड़ता है, अगर विद्यार्थियों को इसकी उचित जानकारी नहीं होगी तो वह गलत संगत में फंसकर अपने जीवन को बर्बाद कर लेते हैं।

### 21 फरवरी को मातृभाषा दिवस पर होगा स्पर्धा का अयोजन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग की इंगलिश लिटरेरी सोसायटी 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। इस प्रतियोगिता कविता वाचन हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, पंजाबी व अन्य भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं में किया जा सकता है।

### कॉलेज में चलाया स्वच्छ हरियाणा-स्वच्छ कैंपस हमारा अभियान

**रोहतक।** सत जींदा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर में स्वच्छ हरियाणा-स्वच्छ कैंपस हमारा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कॉलेज कैम्पस को प्लास्टिक मुक्त मनाया गया व कार्यालय रिकार्ड का सुनियोजित तरीके से रखरखाव किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने बताया कि व्यक्ति के लिए उनके आस-पास स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है।

# पंडित नेकीराम शर्मा कॉलेज में आयोजित की गई जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




शिक्षा निदेशालय के सौजन्य से पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. लोकेश बलहारा के दिशा निर्देशन में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कॉलेजों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजबीर सिंह, डीएसडब्लू व मनोविज्ञान विभाग के प्रमुख (सेवानिवृत) रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों में जोश भरते हुए बताया कि इन प्रतियोगिताओं में हार जीत कोई मायने नहीं रखती है, ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। निर्णायक मंडली में सात विभागों से अपने अपने विषयों में पारंगत 14 प्राध्यापक उपस्थित रहे। इनका मूल्यांकन बिल्कुल पारदर्शी और निरपेक्ष रहा। साइंस सोसाइटी के संयोजक व रसायन विभाग के प्रमुख डॉ. रवींद्र सिंह का योगदान सराहनीय रहा। उन्होंने हर काम को ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड में हर एक महाविद्यालय में संपर्क कर के बहुत ही अच्छे तरीके से इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। इस प्रतियोगिता के दौरान रसायन विभाग में प्रथम स्थान पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक, द्वितीय स्थान जी. वी.एम. महिला महाविद्यालय सोनीपत, तृतीय स्थान राजकीय महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा, सर्वश्रेष्ठ व्याख्याकार पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक को मिला। वनस्पति विभाग में प्रथम स्थान जीवीएम राजकीय महिला महाविद्यालय सोनीपत, द्वितीय स्थान राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, रोहतक व सर्वश्रेष्ठ व्याख्याकार राजकीय महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा से रहा।

### इन्हें मिला सम्मान

जीव विज्ञान विभाग में प्रथम स्थान पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक, द्वितीय स्थान राजकीय स्नातकोतर महिला महाविद्यालय, रोहतक, व सर्वश्रेष्ठ व्याख्याकार हिन्दू महिला महाविद्यालय, सोनीपत को मिला। भौतिकी विभाग में प्रथम स्थान पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय रोहतक, द्वितीय स्थान जीवीएम महिला महाविद्यालय सोनीपत, तृतीय स्थान राजकीय स्नातकोतर महिला महाविद्यालय, रोहतक व सर्वश्रेष्ठ व्याख्याकार जी.वी.एम महिला महाविद्यालय, सोनीपत को मिला। भूगोल विभाग में प्रथम स्थान जीवीएम महिला महाविद्यालय सोनीपत को मिला।

### विजेताओं को किया सम्मानित

पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मंच संचालन प्रवीण गोयल ने किया। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। इस अंतर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिन विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान पाया है, वे विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए राजकीय महाविद्यालय करनाल में 21 व 22 फरवरी को भाग लेंगे। अंत में साइंस सोसायटी के संयोजक डॉ. रवींद्र सिंह ने मुख्य अतिथि, निर्णायक मंडली, प्राचार्य डॉ. लोकेश बलहारा, विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्राध्यापक, कॉलेज के स्टाफ एवं सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

## सेवानिवृत्त सीनियर प्रोफेसर डॉ. सोनिया मलिक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की

# संस्कृत श्लोकोच्चारण में प्राची और अंग्रेजी भाषण में हिमांशी रही प्रथम

**आईसी कॉलेज में अन्तः व अंतर महाविद्यालयी प्रतियोगिताओं का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक






राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में अन्तः व अंतर महाविद्यालयी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग से सेवानिवृत्त सीनियर प्रोफेसर डॉ. सोनिया मलिक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने छात्राओं को जीवन मूल्यों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जीवन संघर्ष का नाम है और संघर्षों से हार ना मानकर उन्हें जीवन में अवसर के रूप में लेकर जीवन को बेहतर बनाने का संदेश दिया। प्राचार्या डॉ. दर्शना ने विद्यार्थियों के उज्वलव भविष्य की कामना की।

### ये है परिणाम

**हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता**

प्रथम स्थानः कोमल पांडे, राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक
द्वितीय स्थानः तमन्ना जांगड़ा, राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा
तृतीय स्थानः रवि शर्मा, नेहरू कॉलेज झज्जर

**संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता**

प्रथम स्थानः प्राची, पंडित नेकीराम शर्मा कॉलेज, रोहतक
द्वितीय स्थानः रवि शर्मा, नेहरू कॉलेज झज्जर
तृतीयस्थानः हिमांशी, राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक

**अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता**

प्रथम स्थानः हिमांशी, एमकेजेके कॉलेज रोहतक
द्वितीय स्थानः निकुंज, पंडित नेकीराम शर्मा कॉलेज, रोहतक
तृतीय स्थानः युविका, राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक

**उर्दू कविता पाठ प्रतियोगिता**

प्रथम स्थानः अंजलि, राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा
द्वितीय स्थानः अंजलि, पंडित नेकीराम शर्मा कॉलेज रोहतक
तृतीय स्थानः प्रियंका, राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक

**रंगोली प्रतियोगिता**

प्रथम स्थानः साहिल, जाट कॉलेज रोहतक
द्वितीय स्थान ः आस्था, राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक
तृतीय स्थानः साक्षी, एमकेजे कॉलेज रोहतक

**पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता**

प्रथम स्थानः पूजा, राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक
द्वितीय स्थानः हंसिका, एमकेजेके कॉलेज रोहतक
तृतीय स्थानः यश, लालनाथ हिंदू कॉलेज

**ट्रेडिशनल एंब्रायडरी प्रतियोगिता**

प्रथम स्थानः मधु, राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक द्वितीय स्थान- रवीना, एमकेजेके कॉलेज रोहतक
तृतीय स्थानः हिमांशी, राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक

**कुकिंग प्रतियोगिता**

प्रथम स्थानः सरिता, राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रोहतक
द्वितीय स्थानः काजल, एमकेजेके कॉलेज रोहतक
तृतीय स्थानः सुमन, राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा।

**निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई**

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. भगवान शास्त्री, राजकीय महाविद्यालय दुबलधन से रिटायर्ड एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बिमला देशवाल व राजकीय महाविद्यालय जसिया से रिटायर्ड प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमारी ने हिंदी कविता पाठ व श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका और प्रोफेसर मनीषा हुड्डा, पंडित नेकीराम शर्मा गवर्नमेंट कॉलेज, डॉ. अंकिता मलिक गवर्नमेंट कॉलेज सांपला और डॉ. सुनील चौहान राजकीय महिला महाविद्यालय सांपला ने अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता व उर्दू कविता पाठ प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका, पवन मल्होत्रा, डॉ. अमित दलाल, रेणु मिगलानी ने रंगोली व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। एमकेजेके कॉलेज रोहतक के गृह विज्ञान विभाग से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशा खरब, डायट क्लिनिक से हिमांशी भूटानी व मेडिकल कॉलेज खानपुर कलां से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रीति ने कुकिंग व ट्रेडिशनल एंब्रॉयडरी प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। डॉ. किरण शर्मा, डॉ.नीति अहलावत व डॉ. विशाल कुमार ने मंच संचालन किया।



### साहित्य समीक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान की

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान द्वारा फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज तथा फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के नव प्रवेश प्राप्त शोधार्थियों के लिए शोध पद्धति पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस शोध कार्यशाला के दूसरे दिन आम वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. सर्वदीप कोहली ने व्याख्यान दिया तथा साहित्य की समीक्षा के विभिन्न पहलुओं तथा खोज अंतराल की पहचान करने के बारे में गहन जानकारी प्रदान की।

### राज्य स्तरीय युवा संसद विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**महम।** खरकड़ा गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरकड़ा में राज्य स्तरीय युवा संसद आयोजित की गई। इस विद्यालय की छात्राओं ने मंडल स्तर पर आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। राज्य स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक और खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल उपस्थित रहे। युवा संसद कार्यक्रम मदीना डाइट के प्रिंसिपल वीरेंद्र मलिक की देखरेख में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्क्षता प्राचार्या सीमा ने की। निर्णायक मंडल में डाइट मदीना के प्रवक्ता सतीश शर्मा व महेंद्रगढ़ से सुरेंद्र और चरखी दादरी से ओमप्रकाश पंवार शामिल हुए।

# नगर पालिका का नाला टूटा, बन रहा हादसे का सबब

राज कुमार नरवाल ▶▶| महम



महम के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के गेट के ठीक सामने सड़क पर पिछले कई महीने से नगर पालिका का नाला टूटा हुआ है। नाले की मरम्मत न होने की वजह से यह जगह हादसे का सबब बनी हुई है। आए दिन यहां पर दुर्घटनाएं हो रही थी और लोग इस नाले में गिरकर चोटिल हो रहे थे। वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे थे और कई पशु भी इस नाले में गिर चुके थे। यहां कोई हादसा न हो, इसलिए नगर पालिका कर्मचारियों ने इस नाले पर नगर पालिका की कुर्सी रखवा दी। बदहाली की यह तस्वीर प्रशासन का मुंह चिढ़ा रही है।

### पालिका अधिकारियों को कोस रहे

इस कार्यालय के भीतर बैठकर महम खंड के गांवों के विकास की योजनाएं तैयार की जाती हैं और उनको मूर्तरूप दिया जाता है। लेकिन खंड कार्यालय के गेट सामने का दृश्य देखकर अधिकतर जनप्रतिनिधि नगर पालिका अधिकारियों को कोसते हुए बीडीपीओ ऑफिस के अंदर की ओर बढ़ जाते हैं। इस नाले की मरम्मत की चर्चा बीडीपीओ कार्यालय के भीतर भी चलती है, लेकिन यहां के अधिकारी यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि यह उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर का मामला है। लेकिन यहां के अधिकारियों ने महीनों बीत जाने के बाद भी इस संबंध में नगर पालिका कार्यालय के साथ पत्राचार नहीं किया है।

### मीटिंग में प्रस्ताव लेकर आए हैं : अशोक हुड्डा

महम नगर पालिका के म्यूनिसिपल इंजिनियर अशोक हुड्डा ने बताया कि दो दिन पहले ही नगर पालिका की बैठक हुई है। इस बैठक में नगर पार्षदों ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास किया है। इस प्रस्ताव के तहत यह सहमति बनी है कि बीडीपीओ कार्यालय के गेट के सामने जो नाला टूटा हुआ है, उसको ठीक करवाया जाए।

# समाचार वाचन में अनमोल प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा समाचार वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संचालिका डॉ. अंजू देशवाल ने कहा कि समाचार का मकसद लोगों को सूचित करना व शिक्षित करना होता है। समाचारों से लोगों को महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में जानकारी मिलती है, जिससे वे अपने जीवन के बारे में सही फैसले ले सकते हैं। किरण देवी ने कहा कि समाचार लोगों और दुनिया के बीच संचार का सबसे बड़ा साधन है, इसके अलावा ज्ञान का एक बड़ा माध्यम भी है। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनमोल, द्वितीय स्थान स्नेहा, तृतीय स्थान हर्षिता एवं सांत्वना पुरस्कार तान्या ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका अनिला बठला, डॉ. चित्रा शर्मा एवं डॉ. सीमा रानी ने निभाई।

### ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बारहवीं कक्षा के बच्चों को दी भावभीनी विदाई



**रोहतक।** शिक्षा भारती विद्यालय रामनगर में विदाई समारोह का आयोजन किया, जिसमें कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी। कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों ने कक्षा 12वीं के बच्चों के सम्मान में तथा कक्षा 12वीं के बच्चों ने अपने आचार्यों के सम्मान में कविता, गीत व एकल नृत्य व समूह नृत्य की प्रस्तुतियां दी। विद्यालय समय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य सहपाठ्य गतिविधियों में भी सक्रिय रहने के कारण विद्यालय प्राचार्या ममता भोला तथा भद्रेश जैन द्वारा कला संकाय से प्राची, इति और तनिशा, वाणिज्य संकाय में आरुषि, लक्की और भूमिका तथा विज्ञान संकाय में सन्मया, दीक्षा और रमनप्रीत को शाइनिंग स्टार बनाया गया।

### डीएवी स्कूल छात्रों को यौन अपराधों से संरक्षण के बारे में बताया



**रोहतक।** डीएवी डीएलएफ के प्रांगण में वीरवार को प्रधानाचार्य रिंकू वर्मा की अध्यक्षता में कक्षा छठी व सातवीं के बच्चों को यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण देने के उद्देश्य से पोस्को प्रोटेक्शन के बारे में संतोष जी ने जानकारी दी । उन्होंने बच्चों को बेड टच के बारे में योन उत्पीड़न, यौन शोषण और पोर्नोग्राफी जैसे यौन अपराध और छेड़छाड़ के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि इस एक्ट के द्वारा कई तरह की सजा का प्रावधान किया गया है। बच्चों को यौन शोषण के अपराधों से बचने के तरीके बताए गए ताकि यौन अपराधों के पीड़ित बच्चों को समय पर न्याय मिल सके। वर्मा ने बच्चों को बताया कि आज ने केवल व्यक्तियों द्वारा बल्कि संस्थान भी अब नाबालिगों के साथ यौन दुर्व्यवहार के मामलों की रिपोर्ट करने के लिए पर्याप्त रूप से जागरूक हैं।

### नौटंकी सांग सुनकर दानवीरों ने दिया बढ़-चढ़कर सहयोग



**रोहतक।** अखिल भारतीय गौशाला पहरावर नंदिनी धाम में सांग के दसवें दिन का उद्घाटन सत्यनारायण शर्मा रोहतक ने 262900 रुपये,संदीप फौगाट ने 155555 ,संजीव गुप्ता रोहतक ने 111000 रूपये,इसके अलावा और भी दानी सज्जनों ने बढ़ चढ़ कर सहयोग दिया। सांग के दसवें दिन विष्णुदत्त शर्मा द्वारा नौटंकी फूलसिंह की कहानी को प्रस्तुत किया गया। सांग की कहानी के अनुसार फूल सिंह अपने मित्र कुंदनलाल सेठ से मिलता हुआ एक बाग में पहुंचता है और वहां की मालिन से पता चलता है कि यह बाग मुल्तान शहर की रहने वाली नौटंकी का है तो मालिन से अर्ज करता है। मालिन उसे औरत के भेष में नौटंकी से मिला देती है, लेकिन नौटंकी फूल सिंह को पहचान लेती है यह कोई मर्द है उसे दानव को भेंट में दे देती है। राजा करण सिंह की शर्त थी जो कोई इन्सान दानव को मार देगा उसकी शादी नौटकीं से करा देगा। फूल सिंह दानव को मार देता है और उसकी शादी नौटंकी के साथ हो जाती है। इस तरह कहानी को कलाकारों ने खूबसूरत तरह से पेश किया। इस मौके पर गौशाला प्रांगण में फतेह सिंह मड़ौदी ,ओमप्रकाश मास्टर मायना, संतराम बैरागी मायना,चंद्रभान भालोठ आदि मौजूद रहे।

**NOTICE**

I, Janesh Madhok S/o Surinder Nath Madhok R/o H.No. 729P Setreet, Sector 23A, Distt. Gurugram, State Haryana declare that I have lost my Lic Policy Bond No. 125733313 Aproxmate Value-14 Lac. Some where in Gurugram on 10.10.2024. If any one finds Please Contact Mob. 9416631166.

# समाज में जागरूकता से खत्म होंगे बाल विवाह : करमिन्दर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घड़ौंठी में बाल विवाह कानून, स्वास्थ्य सखी अभियान व पॉक्सो कानून के बारे में छात्रो को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं एमडीडी ऑफ इण्डिया संस्था द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। छात्राओं को बाल विवाह के बारे में जागरूक करते हुए संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिन्दर कौर कहा कि छात्र इस बात के लिए जागरूक रहें कि उनके आसपास किसी बालक या बालिका का विवाह न हो। बाल विवाह को समाज में जागरूकता के माध्यम से खत्म किया जा सकता है, जिसके लिए सरकार द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। छात्रों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में शामिल होने का आहवान किया गया। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए करमिन्दर कौर द्वारा बताया गया कि अगर कोई बाल विवाह करता है या उसमें शामिल होता है तो सबके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी, जिसमें 2 साल तक की सजा हो सकती है। साथ ही यह भी बताया कि हरियाणा में 18 वर्ष से कम उम्र की बच्ची की शादी को कोई कानूनी मान्यता नहीं है। करमिन्दर द्वारा छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में शामिल होने की शपथ दिलाई गई। बाल संरक्षण अधिकारी पूनम रंगा ने छात्रों को पोक्सो कानून के बारे में जानकारी दी।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

SHEETAL SPORTS SEC. SR. SCHOOL, KILOI, ROHTAK
CBSE Affiliated English Medium School
REQUIRES
• PGT- History, Geography, Maths, Hindi
• TGT- Hindi, S.St. Maths
• Computer Teacher - 01
• PRT Teachers: All Subjects
• PTI (Female) - 01 • Mother Teachers
• Drivers • Office Clerk
• Teachers having Fluency in English walk in Interview on any working days from 9:00 AM to 12:00 PM with their original Documents.
• Transport facility from Rohtak to School.
Phone: 9813911200, 9053111400
Email: sheetalsportsschool@gmail.com

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra TRUST BUILDER'S
निःसंतान दम्पतियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पतियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पतियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सैक्टर 14, हिसार
मो. 8571024131, 8708655938
प्यार मोहब्बत, किया/कराया, जादु-टोना, गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन कारोबार में बरकत ना होना, पशुधन बर्बाद होना, धान की बर्बादी, पढाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो, जड़ से होगी खत्म
जब कभी भी ना बना हो काम
तो होगा गारन्टिड समाधान
पं. तुषार शर्मा
गोल्ड मेडलिस्ट
हर रोज मिलें
सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक

## खबर संक्षेप

### एमडीयू में कॅरियर कार्निवाल आज से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि के कॅरियर काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) के तत्वावधान में 14-15 फरवरी को कॅरियर कार्निवल का आयोजन किया जाएगा। निदेशक सीसीपीसी प्रो. दिव्या मल्हान ने बताया कि इस कॅरियर कार्निवल में प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। इस कार्निवाल के तहत लगभग 1500 पदों पर नियुक्तियां उपलब्ध होंगी। आज निदेशक सीसीपीसी प्रो. दिव्या मल्हान की अध्यक्षता में सीसीपीसी समन्वयकों तथा उप निदेशकों के साथ इस आयोजन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रो. दिव्या मल्हान ने बताया कि इस आयोजन के शानदार आयोजन को लेकर सभी तैयारियां जोरों पर हैं। उन्होंने बताया कि इस कॅरियर कार्निवाल में लगभग 20 कंपनियां भाग लेंगी और लगभग 2000 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

### लापता युवक की तलाश के लिए लगाई गुहार

**सांपला।** गांव भैसरू कलां से गौरव मंगलवार से लापता है। गौरव का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा। परिवार के लोगों ने आसपास के सभी गांवों के कुए तालाबों के साथ खेतों में भी गहनता से जांच पड़ताल की। लापता युवक के पिता ने इसकी शिकायत थाना सांपला में की है। युवक के पिता भोपाल ने बताया कि उनका बेटा गौरव मंगलवार को घर से बाहर गया हुआ था जो लोटकर वापिस नहीं आया। गुरुवार को परिजन ग्राम पंचायत के साथ सांपला थाना पहुंचे और गौरव को खोजने की गुहार लगाई।

## अतिरिक्त उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की शिकायतें

# मायना में फिरनी पर अवैध रूप से रोके गए रास्ते तत्काल खुलवाएं





रोहतक। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मायना गांव में शामलात फिरनी पर अवैध तरीके से रास्ता बंद करने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें तथा तुरंत रास्ते को खुलवाएं जाए ताकि लोगों को आवाजाही में परेशानी न हो।

नरेंद्र कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने मायना गांव निवासियों की शिकायत की सुनवाई करते हुए उपरोक्त निर्देश दिए। उन्होंने विकास एवं पंचायत विभाग को भैणी चंद्रपाल में करवाए गए विकास कार्य का भुगतान भी ठेकेदार को करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए जनस्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम तथा श्रम विभाग के अधिकारियों को लंबित शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने दिव्यांग पेंशन से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि 60 प्रतिशत दिव्यांगता के मामले में सरकार द्वारा दिव्यांग पेंशन का लाभ दिया जाता है।

**मुख्य बातें**

- 60 प्रतिशत दिव्यांगता के मामले में सरकार द्वारा दिव्यांग पेंशन का लाभ दिया जाता है : एडीसी
- परिवार पहचान पत्र में दर्शाई गई अधिक वार्षिक आय की जांच के दिए आदेश

उन्होंने विभाग के अधिकारियों को शिकायत कर्ताओं की पेंशन शुरू करवाने की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बोहर निवासी की शिकायत की सुनवाई करते हुए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विभाग द्वारा जलघर के लिए अधिग्रहित की गई भूमि की एन्हांसमेंट की राशि का तुरंत भुगतान करवाए। उन्होंने परिवार पहचान पत्र में दर्शाई गई अधिक वार्षिक आय की जांच से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शीघ्र उनका भौतिक जांच करवाकर वार्षिक आय की स्थिति जांची जाएगी।

### 20 वर्ष पुराने मकान को नियमित करवाने के लिए बीडीपीओ कार्यालय में करें संपर्क

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में शामलात भूमि पर बनाए गए 500 वर्गगज तक के अवैध मकानों को निर्धारित फ्लैट रेट भरवाकर नियमित करने का फैसला लिया है, जो मकान 20 वर्ष पुराना है तथा यह मकान तालाब अथवा सड़क की भूमि पर न बना हुआ हो। विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा ऐसे मकानों को नियमित करने के लिए कार्रवाई की जाएगी। संबंधित ग्रामीण अपने ऐसे मकानों को नियमित करवाने के लिए संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में आवेदन करें। इस अवसर पर संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।



### आकाशदीप दुहन साइंस इंस्टीट्यूट के छात्रों ने पास की जेईई मेन्स परीक्षा, अर्शिया को 97.3 परसेंटाइल

**रोहतक।** आकाशदीप दुहन साइंस इंस्टीट्यूट के छात्रों ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। यहां के विद्यार्थियों ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मेन्स) की परीक्षा दी, जिसमें वीर हुड्डा ने 94 परसेंटाइल, अंकुर ने 96 और अर्शिया ने 97.3 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए। इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. अशोक दुहन ने विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया और इनके माता- पिता को शुभकामनाएं दी।

### द आर्यन ग्लोबल स्कूल के हिमांशु और सारांश ने पास की जेईई मेन्स परीक्षा, प्राचार्य ने दी बधाई



**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रथम प्रयास में ही जेईई मेन्स की परीक्षा पास कर विद्यालय व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। हिमांशु ने यह परीक्षा 96.74 परसेंटाइल से तथा सारांश ने 91.98 परसेंटाइल अंको से उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने दोनों छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके परिवार व शिक्षकों को बधाई दी।

### गौड़ ब्राह्मण कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय महिला दिवस सरोजिनी नायडू का व्यक्तित्व था प्रेरणादायकः शर्मा



**रोहतक।** महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत कोकिला के नाम से प्रसिद्ध देश की प्रथम महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू की जयंती पर गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा रहे। मंच संचालन महिला प्रकोष्ठ इंचार्ज डॉ. मंजू शर्मा ने किया। प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने कहा सरोजनी नायडू एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व थी। उन्होंने अपने जीवन को देश और समाज की सेवा में समर्पित कर दिया। इस मौके पर डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. पिंकी चौहान, डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. मनीषा कौशिक, डॉ. कपिल कौशिक, डॉ. गीता, डॉ. पिंकी शर्मा, डॉ. कनुप्रिया आदि मौजूद रहे।



रोहतक। खरावड़ स्थित एलपीएस बोसार्ड में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में डॉक्टरों की टीम के साथ एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ।

## कैंसर से बचने के लिए जीवनशैली में सुधार करना जरूरी : राजेश जैन

**रोहतक।** खरावड़ स्थित एलपीएस बोसार्ड में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पोजीट्रोन अस्पताल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने की। राजेश जैन ने कहा कि कैंसर का सफल उपचार प्रारंभिक पहचान पर निर्भर करता है। समय-समय पर जांच करवाने से इस गंभीर बीमारी का समय रहते निदान किया जा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से स्तन कैंसर के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि आधुनिक जीवनशैली और असंतुलित खानपान इस बीमारी के मुख्य कारण हैं। पोजीट्रोन अस्पताल से डॉ. संजय बड़ेसरा (स्त्री कैंसर रोग विशेषज्ञ) और डॉ. मनीष शर्मा (कैंसर रोग विशेषज्ञ) ने कैंसर के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे प्रारंभिक लक्षणों की पहचान कर इस घातक बीमारी को हराया जा सकता है। उन्होंने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित आहार लेने और रोज़ाना व्यायाम करने की सलाह दी। चिकित्सकों ने कहा कि यदि शरीर में किसी प्रकार का असामान्य बदलाव या लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें । कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करना और सामान्य जीवनशैली में सुधार लाकर इसे रोकने के उपायों को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर अनिल चहल, नेहा मेंदीरत्ता, सन्नी निझावन, राधे श्याम, अनिल मेहता, कविता, आकाश शर्मा, विनीत गौतम, ऋषि मालिक, सोनिया, गौतम, नवीन, पवन सहित अन्य उपस्थित रहे।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400

मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# नगर पालिका कर्मचारी संघ रोहतक इकाई के प्रधान बने शंभू





रोहतक। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा इकाई रोहतक के चुनाव जीतने पर शंभू पैनल खुशी मनाते और जीतने पर रोड़ शौ निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

**यह जिम्मेदारी मिली**

सचिव - राकेश
वरिष्ठ उपाध्यक्ष- प्रदीप कुमार
उप प्रधान - हितेश, राकेश जागड़ा, सुरेश
सह सचिव - संजीव, राजू, राजकुमार टांक
प्रैस सचिव - रविराज
कोषाध्यक्ष - रवि आर्य
ऑडिटर - सोनू यादव, देवेंद्र
संगठन सचिव- सुनील कुमार, जगदीश, राजकुमार
सलाहकार - जगजीत डागर, जसवंत पवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नपा कर्मचारी संघ हरियाणा इकाई रोहतक के चुनाव में शंभू पैनल ने जीत हासिल की। शंभू ने चार बार के प्रधान रहे संजय बिडलान को 207 वोट से हराकर प्रधान के पद पर अपनी जीत दर्ज की। जीत के बाद विजयी पैनल ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। प्रधान ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे वे निष्ठा के साथ निभाएंगे । बता दें कि वीरवार को हुए चुनाव में कुल 1074 वोट में से 988 वोट पोल हुई जिसमें से शंभू को 595 और संजय को 388 वोट मिली। पांच वोट कैंसिल हुई। यहां ये भी बता दें कि नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की रोहतक ईकाई के चुनाव के लिए वोटिंग सुबह आठ बजे से शुरू हुई। चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जैसे ही शंभू पैनल की जीत घोषित हुई उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने एक दूसरे का बधाई दी।

**चार बार प्रधान रहे संजय बिडलान को हराया**

### 28 तक जनजीवन अस्पताल में सर्जिकल कैम्प रजिस्ट्रेशन पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त डिस्काउंट



**रोहतक।** शहर के मॉडल टाउस स्थित नवजीवन अस्पताल में मेगा सर्जिकल कैम्प लगाया जा रहा है। 28 फरवरी तक चलने वाले इस कैम्प का रोजाना काफी संख्या में लोग लाभ उठा रहे है। अस्पताल के प्रवक्ता ने बताया कि इस कैम्प को लगाने का उद्देश्य लोगों को निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध करवाना, ताकि समय पर बीमारी का पता चल सके। प्रवक्ता ने कहा कि कैम्प में आये लोगों की जांच वरिष्ठ सर्जन डा. मनीष शर्मा, डा. मनीष बंसल सहित अन्य चिकित्सकों की टीम द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि कैम्प में पित्त की थेली में पथरी, किसी प्रकार का हर्निया, किडनी, पेशाब की नली, पेशाब की थेली में पथरी, आंत में छेद व आंत में रूकावट, प्रोस्टेट का बढना या बार बार पेशाब आना, अपेडिक्स में सूजन, हाईड्रोसील तथा वेरीकोसील, स्तन या शरीर के किसी भी अंग में रसौली या गांठ, बवासीर, भगंदर, फिशर, पाईलोनिडल साइनस उक्त सभी बीमारियों की जांच की जा रही है। कैम्प में रजिस्ट्रेशन करवाने पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त डिस्काउंट साथ पैनल की सुविधा भी है।

### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सामाजिक विज्ञान में शोध समस्याओं पर व्याख्यान का आयोजन



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि के फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज तथा फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के द्वारा चौ. रणबीर सिंह सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान के सहयोग से संचालित शोध पद्धति कार्यशाला में वीरवार को विशेषज्ञों ने रिसर्च एथिक्स और शोध समस्याओं पर जानकारी दी। सुबह के सत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग से प्रो. आरएस यादव और दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग से प्रो. आरकेभट्ट ने विशेष व्याख्यान दिए। प्रो. आरएस यादव ने 'सामाजिक विज्ञान में शोध समस्याएं' पर व्याख्यान दिया और शोध में होने वाली विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डाला। प्रो. आरके भट्ट प्रोफेसर एक अन्य संसाधन व्यक्ति थे और उन्होंने 'सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में नैतिकता' पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि एक नैतिक शोधकर्ता होना कितना महत्वपूर्ण है। डॉ. प्रीति डबास ने आर स्टूडियो का उपयोग करके डेटा विश्लेषण पर व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया और उन्हें आर स्टूडियो से परिचित कराया जो सभी विद्वानों को उनके शोध विश्लेषण में मदद करेगा। सभी सत्र बहुत ही संवादात्मक और जानकारी पूर्ण थे। कार्यशाला समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार और डॉ. शशि रश्मि ने कार्यक्रम का संचालन और समन्वयन किया।



रोहतक। बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में आयोजित उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति डॉ एच एल वर्मा एवं अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

## मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा भारत : कुलपति वर्मा

- बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के प्रबंधन और वाणिज्य संकाय, उद्यमिता विभाग द्वारा एमएसएमई प्रशिक्षण केंद्र, रोहतक के सहयोग से एक महत्वपूर्ण उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों और नवोद्यमियों को स्टार्टअप, नवाचार, वित्तीय सहायता योजनाओं और व्यवसायिक कौशल के प्रति जागरूक करना रहा। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने उद्यमिता को भारत के आर्थिक विकास का एक प्रमुख स्तंभ बताते हुए कहा कि आज का युग नवाचार और आत्मनिर्भरता का है और इसमें युवा उद्यमियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व स्तर पर एक मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है और इसमें सबसे बड़ी भूमिका हमारे युवाओं की है हमें अपनी पारंपरिक सोच से आगे बढ़कर न केवल नौकरी खोजने की मानसिकता रखनी है, बल्कि नौकरी देने वाले बनना है। उद्यमिता के माध्यम से हम आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।डॉ. वर्मा ने विद्यार्थियों को नवाचार, आत्मनिर्भरता और व्यवसायिक नेतृत्व के महत्व को समझाया और कहा कि किसी भी स्टार्टअप या व्यवसाय को सफल बनाने के लिए सृजनात्मक सोच, धैर्य, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत आवश्यक है।

एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र के प्रबंधक रंजय कुमार सिंह ने एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) की भूमिका, सरकारी योजनाओं, लोन सुविधाओं और तकनीकी सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे युवा नवीन तकनीकों को अपनाकर अपने उद्यम को सफल बना सकते हैं। पवन तिवारी, संस्थापक और सीईओ, इंफी लीग मोटरस्पोर्ट्स ने अपने उद्यमशीलता के सफर को साझा किया और बताया कि कैसे एक विचार को सही रणनीति और मेहनत से एक सफल व्यवसाय में बदला जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. जसप्रीत दहिया (प्रोफेसर, प्रबंधन विभाग), डॉ. विनीता आहूजा, डॉ. सुमन पहल, डॉ. अभिषेक, डॉ. निशा, डॉ. कोमल, डॉ. हेमा सिंगला, डॉ. महिपाल, डॉ. वीके श्रीवास्तव, डॉ. तिलक राज आदि मौजूद रहे।

### पार्षदों के साथ बैठक में गांवों के विकास पर चर्चा

# बजट की नहीं आने देंगे कमी: ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि जिला परिषद के पार्षद बेहतर कोऑर्डिनेशन के साथ मिलकर अपने-अपने वार्ड में अधिक से अधिक काम करवाएं। किसी भी स्तर पर कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। जहां तक बजट की बात है, इस संबंध में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कई अधिकार पार्षदों को दे दिए हैं।

जिला विकास भवन में पार्षदों के साथ हुई बैठक में गांवों के विकास की योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में पार्षदों ने अपने वार्ड से संबंधित कार्यों के बारे में सुझाव रखे। साथ ही जो समस्याएं आ रही हैं, उनके निदान को लेकर भी चर्चा हुई। पूर्व मंत्री ग्रोवर और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने कहा कि सभी पार्षद जनप्रतिनिधि हैं और लोगों ने उन्हें चुनकर जिला परिषद में भेजा है , इसलिए सभी मिलकर काम करवाएं। बजट की किसी भी तरह की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। राज्य सरकार ने पार्षदों को पूर्व की तुलना में ज्यादा अधिकार दिए हैं। इस दौरान अधिकारियों के साथ भी विस्तृत चर्चा हुई और पार्षदों की ओर से आए सुझाव पर अमल करने के लिए आग्रह किया गया। साथ ही कहा कि समय-समय पर बैठक करके तमाम मांगों की समीक्षा होती रहेगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार हर क्षेत्र का समान रूप से विकास करवाने के लिए कटिबद्ध है। गांवों में अनेक सौगात देने का काम किया गया है। आने वाले समय में सरकार गांवों की बेहतरी के लिए और फैसले लेगी। गांवों के विकास में किसी प्रकार कमी नहीं आने दी जाएगी।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, वाइस चेयरपर्सन अनिल हुड्डा, पार्षद धीरज मलिक, राजेश फौगाट, जिला परिषद के सीईओ सहित अन्य अधिकारी व पार्षद मौजूद रहे।